प्रादेशिक समाचार
दिनांक – 21.05.2026 (संध्या–1900 बजे)
मुख्य समाचार

1. **कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने रांची में दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा– सुधार के लिए लागू किया गया झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026।**
2. **मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने रांची में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में कहा– एक भी पात्र भारतीय नागरिक मतदाता सूची से नहीं छूटे।**
3. **राज्य में पेसा नियमावली 2025 को बेहतर ढंग से लागू कराने के लिए आयोजित की गई दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला।**
4. **थाईलैंड में आयोजित एयर गन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता की गोल्ड मेडलिस्ट जामताड़ा की देवासी हेंब्रम को विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने किया सम्मानित।**
5. **जापान में आयाजित पुरुष अंडर 18 एशिया कप के लिए की गयी भारतीय टीम की घोषणा, झारखंड के दो खिलाड़ियों को टीम में मिली जगह।**

****

राज्यपाल कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार ने आज उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से आयोजित दो दिवसीय कुलपति सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार के लिए **'झारखण्ड राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम 2026'** लागू किया गया है।

****

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने निर्वाचन सदन में मीडिया प्रतिनिधियों के लिए आयोजित ओरिएंटेशन प्रोग्राम और प्रेस वार्ता को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत बीएलओ घर–घर जाकर मतदाताओं के सत्यापन का कार्य करेंगे। श्री कुमार ने कहा कि एक भी पात्र भारतीय नागरिक का नाम मतदाता सूची से छूटने नहीं दिया जाएगा।

****

राज्य में पेसा झारखंड नियमावली 2025 को जमीनी स्तर पर उतारने के लिए रांची में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। इस बैठक में ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने कहा कि पेसा नियमावली से ग्राम सभाओं को और अधिकार मिलेंगे। उन्होंने हर जिले में पेसा कानून को लेकर जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया।

****

विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस वर्ष की कैलाश मानसरोवर यात्रा के लिए यात्रियों का चयन करने के लिए कम्प्यूटर से ड्रॉ निकाला। इस वर्ष की यात्रा जून में शुरू होकर अगस्त में सम्पन्न होगी। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि निष्पक्ष और पारदर्शी कम्प्यूटर आधारित चयन पक्रिया के माध्यम से एक हजार यात्रियों का चयन किया गया है। ये यात्री लिपूलेख और नाथूला दर्रों के जरिए बीस जत्थों में रवाना होंगे। प्रत्येक जत्थे में 50–50 यात्री रहेंगे।

****

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने आज नई दिल्ली में फील्ड अधिकारियों के साथ एक उच्च–स्तरीय सुरक्षा समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान रेलगाड़ियों में हाल ही में हुई आग लगने की कई घटनाओं को गंभीरता से लिया गया। इस बैठक में प्रौद्योगिकी–आधारित सुरक्षा प्रणाली को बेहतर बनाने, पूरे रेलवे नेटवर्क में सीसीटीवी कवरेज का विस्तार करने और परिचालन सुरक्षा में सुधार करने पर भी ज़ोर दिया गया।

****

राजधानी रांची में धुर्वा स्थित पुलिस मुख्यालय में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी माओवादी के 25 नक्सलियों और जेजेएमपी के दो उग्रवादियों ने हथियारों के साथ आत्मसमर्पण किया। आत्मसमर्पण करने वालों में आठ नक्सलियों पर कुल 33 लाख रुपये का इनाम घोषित था। इनके खिलाफ 426 मामले दर्ज हैं। डीजीपी तदाशा मिश्र ने कहा कि आत्मसमर्पण करने वालों के पुनर्वास और उनकी मांगों को पूरा करने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी।

****

कोल्हान के सारंडा में सक्रिय 25 से अधिक नक्सलियों के एक साथ समर्पण करने पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य मुख्यधारा से भटके हुए लोगों को मुख्यधारा से जोड़ना है।

****

पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की 35 वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आज सांसद कालीचरण मुंडा के आवासीय कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद कालीचरण मुंडा और जिला प्रभारी चौतू उरांव विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर सभी कार्यकर्ताओं ने राजीव गांधी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रक्तदान किया।

****

राजधानी रांची सहित पूरे राज्य में इन दिनों तेज धूप और गर्मी के कारण सामान्य जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य के 11 जिलों में अधिकतम तापमान बढ़कर 40 डिग्री सेल्सियस से अधिक पहुंच गया है।

इधर, मौसम विभाग ने बोकारो, धनबाद, दुमका, गिरिडीह, गोड्डा, पाकुड़ और साहिबगंज जिलों के कुछ भागों में अगले कुछ घंटों में हल्के से मध्यम दर्जे की मेघ गर्जन तथा वज्रपात के साथ वर्षा होने की संभावना जतायी है। साथ ही मौसम विभाग ने इस दौरान लोगों को सर्तक और सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी है।

****

जामताड़ा की देवासी हेंब्रम ने थाईलैंड में आयोजित एयर गन राइफल शूटिंग प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने आज उन्हें विधानसभा में सम्मानित करते हुए कहा कि प्रतिभा कभी गरीब और अमीर में फर्क नहीं करती।

****

हॉकी इंडिया ने 29 मई से 6 जून तक जापान के काकामिगाहारा में होने वाले पुरुष अंडर 18 एशिया कप के लिए 18 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है, इस टीम में झारखंड के दो खिलाड़ी आशीष तानी पूर्ति और प्रेमचंद सोय को जगह मिली है। उनके चयन पर हॉकी झारखंड और खेल विभाग ने पूरी टीम को बधाई दी है।

****